Std. IV . Hindi Literature

L- 9 . वृक्ष

शब्दार्थ

नन्हा -- छोटा

देह -- शरीर

रोगी -- बीमार

प्रश्न और उत्तर

प्रश्न 1.अंकुर कहाँ सोया था ?

उत्तर -- अंकुर मिट्टी में सोया था।

प्रश्न 2. हवा बीज को उड़ाकर कैसे बो सकती है ? सोचकर बताइए ।

उत्तर -- हवा बीज को उड़ाकर एक जगह से दूसरी जगह ले जाती है । हवा द्वारा मिट्टी में गिराया गया बीज पानी पाकर अंकुरित हो जाता है । इस तरह हवा बीज को बो देती है ।

प्रश्न 3. नन्हा बीज वृक्ष कैसे बन गया ?

उत्तर -- नन्हा बीज मिट्टी तथा पानी पाकर अंकुरित हो गया । फिर वह खाद ,पानी पाकर छोटा पौधा बन गया । धीरे-धीरे उस छोटे पौधे में तना , डालियाँ ,पत्ते तथा फूल आए । इस तरह नन्हा बीज वृक्ष बन गया ।

प्रश्न 4. वृक्ष तथा चिड़िया के बीच क्या संबंध है ?

उत्तर -- भोजन तथा आवास के लिए चिड़ियाँ मुख्य रूप से वृक्ष पर ही निर्भर होती हैं । वे इसकी शाखाओं पर अपने घोंसले बनाती हैं । वृक्ष की डालियाँ उनके लिए सैर करने की जगह होती हैं तथा वृक्ष पर वे खुद को सुरक्षित महसूस करती हैं । अतः हम कह सकते हैं कि वृक्ष चिड़िया का आश्रयदाता (आसरा देनेवाला )है ।

प्रश्न 5.नन्हे बीज को किसने बोया ?

उत्तर -- नन्हे बीज को हवा ने बोया ।

प्रश्न 6. मिट्टी से बाहर आकर अंकुर किस प्रकार बढ़ा ?

उत्तर -- मिट्टी से बाहर आने पर अंकुर में सबसे पहले पत्ते निकले।फिर खाद और पानी मिलने पर वह पौधा बन गया ।धीरे-धीरे बढ़ते हुए उसमें डालियाँ , फूल और फल लगने लगे ।

प्रश्न 7. 'वृक्ष का जीवन' इस विषय पर पाँच वाक्यों का एक अनुच्छेद लिखिए ।

उत्तर -- वृक्ष का जीवन बीज से शुरू होता है । मिट्टी तथा पानी मिलने पर बीज अंकुरित होकर बढ़ने लगता है । फिर उसमें पत्ते , डालियाँ ,फूल तथा फल आते हैं । फल के पकने पर बीज परिपक्व (तैयार ) हो जाता है । इस तरह से 'बीज से वृक्ष' और 'वृक्ष से बीज' का चक्र लगातार चलते रहता है।यह जीवन चक्र के समान है।

प्रश्न 8. सपनों में कौन खोया था ?

उत्तर -सपनों में अंकुर खोया था ।

प्रश्न9. पौधों के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजें क्या हैं ?

उत्तर -- पौधों के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण चीजें मिट्टी ,खाद और पानी हैं।

भाषा संसार

प्रश्न 1. इन शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखें ।

देह -- काया , तन

आँख -- नयन , चक्षु

दुनिया -- जगत , भव

धरती -- भूमि , वसुधा

प्रश्न 2. उचित कारक चिह्नों से खाली स्थान भरिए ।

क. बीज मिट्टी में सोया था ।

---

ख. अचानक बीज ने अंगड़ाई ली।

---

ग. कुछ दिन बाद धरती पर

पौधे लहराने लगे । ----

घ. शाम को चिड़िया आतीं और

---- चहचहातीं ।

प्रश्न 3. क्रिया के उचित रूप से वाक्य पूरे कीजिए।

(क) तितली हवा में उड़ती है ।

-----------

(ख) भौंरे फूलों पर मँडराते हैं।

------------

(ग) फूल हमें खुशबू देते हैं ।

-------

(घ)पत्ते हवा से हिलते हैं ।

-----------

(ङ) खाद , हवा और पानी पाकर

फूल मुस्कुराते हैं ।

-----------